प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांक : 05.09.2025 समय : 01:00 पी.एम.

0000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शिक्षक दिवस के अवसर पर शुभकामनाएँ दी हैं। श्री मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा है कि मस्तिष्क को पोषित करने के लिए शिक्षकों का समर्पण एक मज़बूत और उज्जवल भविष्य की नींव है। उन्होंने कहा कि उनकी प्रतिबद्धता और करुणा महत्वपूर्ण है। श्री मोदी ने प्रख्यात विद्वान और शिक्षक डॉ. एस. राधाकृष्णन की जयंती पर उनके जीवन और विचारों को भी याद किया। राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह जयपुर के बिडला सभागार में आयोजित किया जा रहा है। स्कूल शिक्षा विभाग की ओर से आयोजित इस समारोह में मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा, उपमुख्यमंत्री तथा तकनीक और उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. प्रेमचन्द बैरवा और शिक्षा मंत्री मदन दिलावर उपस्थित है। कार्यक्रम में चयनित शिक्षकों को सम्मानित भी किया जा रहा है।

0000

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों को ओणम की बधाई दी है। राष्ट्रपति ने कहा कि ओणम केरल की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर और परंपरा का अनूठा उदाहरण है और यह पर्व सांस्कृतिक और धार्मिक विश्वासों के अतिरिक्त एकता, सहयोग और भाईचारे के महत्व को बताता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट में, ओणम पर सबके लिए खुशी, अच्छे स्वास्थ्य और खुशहाली की कामना की है। उन्होंने कहा कि यह त्योहार आशा और सांस्कृतिक गर्व का प्रतीक है।

0000

देशभर में आज पैगंबर हजरत मुहम्मद का जन्मदिन, ईद मिलाद–उन–नबी धार्मिक उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। इस अवसर पर पैगंबर मुहम्मद के जीवन और शिक्षा से सम्बंधित "मिलाद महफिलें" और "सीरत सम्मेलन" आयोजित किए जा रहे हैं और मिलाद जुलूस भी निकाले जा रहे हैं। राजधानी जयपुर में भी बारावफात का जुलूस निकाला जायेगा। जो चारदरवाजा से होता हुआ कर्बला तक जायेगा। जुलूस के दौरान शहर में यातायात और सुरक्षा की विशेष व्यवस्था की गई है।

0000

राजधानी जयपुर के चांदपोल स्थित रामचन्द्र जी मंदिर से भगवान सियाराम की नगर परिक्रमा निकाली जायेगी। सांगानेरी गेट स्थित हनुमान जी के मंदिर में भरत मिलाप होगा। मंदिर महंत नरेंद्र तिवाड़ी ने बताया कि इस रथ यात्रा में श्री राम दरबार के सजीव स्वरूप प्रदर्शित किया जायेगा। हनुमान मंदिर पर आरती होगी और उसके बाद यात्रा पुनः त्रिपोलिया बाजार, छोटी चौपड होते हुए मंदिर परिसर में समाप्त होगी।

0000

अलवर के सरिस्का के टाइगर रिजर्व में सफारी की ऑनलाईन एडवांस बुकिंग कल से शुरू हो गई है। इस बार सफारी का सीजन एक अक्टूबर की बजाय 2 अक्टूबर से शुरू होगा। सामान्यतः यह सफारी हर साल 1 अक्टूबर को पर्यटकों के लिए खोल दी जाती है। लेकिन इस बार 1 अक्टूबर बुधवार है और इस दिन टाइगर रिजर्व का साप्ताहिक अवकाश होने के कारण 2 अक्टूबर से सफारी की शुरुआत होगी। गौरतलब है कि मानसून में 1 जुलाई से 30 सितम्बर तक सफारी का कोर जोन बंद रहता है, जबकि बफर जोन में सफारी की छूट रहती है। साथ ही इस दौरान पांडूपोल धार्मिक रूट खुला रहता है।

0000

बालोतरा में आज 69 वें जिला स्तरीय खेल–कूद प्रतियोगिताओ का आगाज हुआ। जिला स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिता में जिले के अलग–अलग ब्लॉक में प्रतियोगिताए आयोजित हो रही है। 17 और 19 वर्षीय वर्ग की प्रतियोगिता में विद्यार्थी अपने खेल का प्रदर्शन कर रहे है।

0000

राजस्थान सहायक कर्मचारी संघ का प्रांतीय अधिवेशन कल जयपुर में आयोजित किया जायेगा। इस अधिवेशन में प्रदेश के विभिन्न विभागों के हजारों सहायक कर्मचारी भाग लेंगे। इस अधिवेशन में सरकार के प्रतिनिधि के रूप में उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी शिरकत करेंगी। महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष देवी सिंह ने बताया कि इस अधिवेशन में राज्य सरकार द्वारा सहायक कर्मचारियों के बढ़ाए गए ग्रेड पे और लगभग 53 हज़ार पदों पर नई भर्ती के साथ ही पदोन्नति के पद सृजित करने के लिए राज्य सरकार का आभार जताया जायेगा।

0000

प्रदेशभर में बारिश का दौर जारी है। लगातार हो रही बारिश से नदी नाले उफान पर है और बांधों में भी पानी की आवक लगातार जारी है। राजधानी जयपुर सहित करौली, चूरू, पाली और सवाईमाधोपुर में सुबह से ही बारिश का दौर चल रहा है। पिछले 24 घंटों में जयपुर, बांसवाड़ा, डूंगरपुर, भीलवाड़ा, अजमेर और उदयपुर समेत कई जिलों में तेज बरसात हुई। अजमेर में हुई बरसात से बोराज तालाब की पाल देर रात टूट गई, जिससे आधा दर्जन से अधिक कॉलोनियों में पानी घुस गया। राहत और बचाव कार्य जारी है। मौसम विज्ञान केंद्र, जयपुर ने आज उदयपुर, डूंगरपुर, बांसवाड़ा और प्रतापगढ़ जिलों के लिए बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है, जबकि 24 जिलों के लिए येलो अलर्ट घोषित किया गया है। वहीं भरतपुर, जयपुर, बीकानेर संभाग के कुछ भागों में भी आगामी 3–4 दिन मेघगर्जन के साथ मध्यम से तेज बारिश होने की संभावना है।

0000